# राइजिंग द वार ने जीती चैंपियनशिप



स्पंदन में प्रस्तुति देते छात्र-छात्राएं।

**सहारा न्यूज ब्यूरो**

**देहरादून।**

यूपीईएस में वार्षिक खेल व सांस्कृतिक उत्सव 'स्पंदन' उत्साह व उल्लास के साथ सम्पन्न हो गया। चार दिवसीय कार्यक्रम के दौरान छात्रों व फैकल्टी ने विभिन्न गतिविधियों में सहभागिता की। साथ ही ग्रुप डांस, बैंड, आर्केस्ट्रा, नुक्कड़ नाटक, फैशन शो आदि की प्रस्तुति से सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। सांस्कृतिक व खेल उत्सव स्पंदन में यूपीईएस के सात स्कूलों की टीमों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा व एथलेटिक कौशल का प्रदर्शन किया। उन्होंने क्रिकेट, वालीबल, बास्केटबल, रिले दौड़ में उत्साहपूर्वक भाग लेकर खेल भावना को प्रदर्शित किया। राइजिंग द वार (स्कूल आफ लॉ), बिजनेस ब्रिगेड (स्कूल आफ बिजनेस), टेक्नोक्रेट्स (स्कूल आफ एडवांस्ड इंजीनियरिंग), पायथन (स्कूल आफ कंप्यूटर साइंस) और फीनिक्स राइजिंग ने अपने खेल कौशल से सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। महिला फुटसल खिताब के रोमांचक मुकाबले में टीम राइजिंग द वार ने टीम टेक्नोक्रेट्स को शिकस्त दी। पुरुष फुटसल फाइनल में भी राइजिंग द वार ने टेक्नोक्रेट्स के खिलाफ जीत दर्ज की।

## यूपीईएस में वार्षिक खेल व सांस्कृतिक उत्सव स्पंदन का समापन

महिला क्रिकेट के फाइनल में एक नया मोड़ देखने को मिला। टीम बिजनेस ब्रिगेड ने टीम राइजिंग द वार को हराकर चैंपियनशिप का खिताब जीता। बास्केटबाल के पुरुष व महिला दोनों वर्ग में टीम राइजिंग द वार ने टेक्नोक्रेट्स पर जीत हासिल कर अपना दबदबा कायम रखा।

टीम पाइथन ने पुरुष बास्केटबाल का खिताब व टीम राइजिंग द वार ने महिला वालीबाल में जीत हासिल की। पाइथन ने पुरुष वालीबाल में टीम बिजनेस ब्रिगेड के खिलाफ जीत दर्ज की। इसके अलावा टीम फीनिक्स राइजिंग ने नुक्कड़ नाटक, नृत्य प्रतियोगिता जैसी सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए विजेता ट्राफी अपने नाम की। टीम राइजिंग द वार खेल में सर्वश्रेष्ठ स्कूल के रूप में उभरी, जबकि फीनिक्स राइजिंग ने सांस्कृतिक गतिविधियों में सर्वश्रेष्ठ स्कूल का खिताब जीता। ओवरऑल चैंपियन का खिताब टीम राइजिंग द वार ने अपने नाम किया। इससे पूर्व उत्तराखंड पुलिस पाइप बैंड ने शानदार प्रदर्शन किया।